भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3928

जिसका उत्तर 12.12.2019 को दिया जाना है

चेन्नई में मेट्रिनो परियोजना

3928. श्री के॰ षणमुग सुंदरमः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का चेन्नई में मेट्रिनो परियोजना शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजना के लिए सरकार और/या किसी अन्य एजेंसी द्वारा किस तरह से निवेश किए जाने की संभावना है;

(घ) इस परियोजना के लिए निवेश की लागत कितनी है और आम जनता को इस से क्या लाभ मिलने की संभावना है; और

(ङ) परियोजना के पूरा होने के बाद मूल्य निर्धारण का आधार और यात्रियों की अनुमानित संख्या कितनी होगी?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): यह मंत्रालय पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए मुख्यत: जिम्मेदार है। यह विषय महानगरीय शहरों में गतिशीलता से संबंधित है, जो आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय का विषय है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, इस तरह का कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है।

(ख) से (ड.): प्रश्न नहीं उठता।

*****